बख्तियारपुर स्टेशन (पूर्व रेलवे) पर प्लेटफार्म

2357. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बख्तियारपुर-राजगीर लाइन पर स्थित बख्तियारपुर स्टेशन पर कोई प्लेटफार्म नहीं है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और यह प्लेटफार्म कब तक बन जाने की संभावना है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) जी नहीं। पटरी-तल की ऊंचाई का प्लेटफार्म वहां बना हुआ है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

पटना में गंगा नदी पर रेलवे पुल

2358. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पटना में गंगा नदी पर एक रेलवे पुल बनाने के लिये अपनी मंजूरी दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है, उस पर कितना व्यय होगा और उसमें भारत सरकार का अंशदान कितना होगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं और इस पुल के लिये योजना तैयार करने में कितनी प्रगति हुई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) इस क्षेत्र में रेल-यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए मोकामा के पास वर्तमान रेल-पुल पर्याप्त समझा जाता है।

बख्तियारपुर–राजगीर रेलवे लाइन को बढ़ाना

2359. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बख्तियारपुर-राजगीर रेलवे लाइन को गया तक बढ़ाने का प्रस्ताव चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर कुल कितना व्यय होने का अनुमान है और यह लाइन कब तक पूरी हो जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में निर्णय करने में देरी होने के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) नयी लाइनों के निर्माण के लिए सीमित धन होने के कारण केवल ऐसी परियोजनाओं पर ही विचार किया जा सकेगा जो अधिक यातायात पैदा करने वाली बड़ी-बड़ी विशिष्ट योजनाओं से सम्बन्धित हों। इसे ध्यान में रखते हुए, प्रस्तावित रेल सम्पर्क को चौथी पंचवर्षीय योजना में, जिसे अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है, शामिल करने के लिए पर्याप्त उच्च प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है।

Licences for Import of Industrial and Consumer Goods

2360. Shri Sidheshwar Prasad: Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) when the licencing system for the import of industrial and consumers' goods was introduced;

(b) the margin of profit allowed by Government on sale of imported goods from year to year;

(c) whether any assessment or study has been made regarding the